शनिदेव दया के धाम

शनिदेव दया के धाम

धुन :- मेरी लगी श्याम संग प्रीत यह दुनिया क्या जाने

शनिदेव दया के धाम, हम पर कृपा करो।
कृपा करो, प्रभु कृपा करो,शनिदेव दया के धाम।

दुष्ट दलन संतन रखवारे।
दीन हीन निर्बल के सहारे।।
हमें दो भक्ति का दान।
हम पर कृपा.....

सप्त वाहन तेरी सप्त सवारी।
नवग्रहों में महिमा भारी।।
तुम्हे बार बार प्रणाम।
हम पर कृपा.....

शनिदेव हम तेरे पुजारी।
तुम दाता हम तेरे भिखारी।।
नित जपें तुम्हारा नाम।
हम पर कृपा.....

कहै "मधुप" प्रभु करूणा कीजै।
रोग शोक संकट हर लीजै।।
हम सगरे संवारो काम।
हम पर कृपा..... ।

कवि : सुप्रसिद्ध लेखक एवं संकीर्तनाचार्य श्री केवल कृष्ण **'**मधुप**'** (मधुप हरि जी महाराज) अमृतसर (9814668946)

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/33214/title/shanidev-dya-ke-dhaam

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |